# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

(NAAC Accredited: B+ Grade)

सम्बद्ध: डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा

**रेंजर्स वार्षिक रिपोर्ट**

सत्र : 2023-24

दिनांक 12.03.2024 से 14.03.2024 तक



**डॉ. अंकिता ठाकुर**
**असिस्टेंट प्रोफेसर**
**(राजनीति विज्ञान विभाग)**
**रेंजर्स प्रभारी**

## महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद


**रेंजर्स तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर**

**रिपोर्ट**


**सत्र: 2023-24**

**दिनांक -12.03.2024 से 14.03.2024 तक**

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद में दिनांक 12.03.2024 से 14.03.2024 तक रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 26 छात्राओं ने प्रतिभा किया।



दिनांक 12.03.2024 को शिविर के प्रथम दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ. अंजु शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके, दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की। तत्पश्चात प्रार्थना और झंडा रोहण रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगीत विभाग से प्रोफेसर प्रियदर्शनी उपाध्याय, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.निष्ठा शर्मा, श्रीमती ममता गुप्ता, समाजशास्त्र विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. चर्चा, श्रीमती



शबनम, अंग्रेजी विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.ज्योति अग्रहरि, शारीरिक शिक्षा विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अमृता सिंह, मनोविज्ञान विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री आकांक्षा यादव उपस्थित रही।




शिविर के प्रथम दिन डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी के निर्देशन में छात्राओं ने रेंजर्स के इतिहास और परिचय के बारे में जाना। प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग और गाइडिंग के नियम, प्रतिज्ञा, टोली प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, मार्च पास्ट, सैल्यूट, बायें हाथ का मिलाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया।



दिनांक 13.03.2024 को शिविर के द्वितीय दिवस पर झंडा रोहण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात रेंजर्स शिविर की प्रतिभागियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से लोगों को सही प्रकार से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बारे में जागरूक किया। इस रैली के बाद डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी ने छात्राओ को गांठे बंधन, वर्दी, तंबू निर्माण, गैजेट्स, कैंप फायर आदि के बारे में प्रशिक्षित किया।

रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर के तीसरे दिन (14.03.2024) और समापन अवसर पर झंडा रोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर में प्रतिभागी छात्राओं को चार टोलियों में बांटा गया-प्रतिभा पाटिल टोली, इंदिरा गांधी टोली, लक्ष्मीबाई टोली, और अहिल्याबाई टोली। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे तंबू निर्माण प्रतियोगिता, भोजन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और वाक शक्ति प्रतियोगिता। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभा पाटिल टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अहिल्या बाई  टोली रही और तृतीय स्थान इंदिरा गांधी टोली ने प्राप्त किया।



भोजन प्रतियोगिता में प्रतिभा पाटिल टोली प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर अहिल्याबाई टोली और तृतीय स्थान संयुक्त रूप से इंदिरा गांधी टोली और लक्ष्मीबाई टोली ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंदिरा गांधी टोली ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर प्रतिभा पाटिल टोली रही और तृतीय स्थान लक्ष्मीबाई टोली ने प्राप्त किया। वाक शक्ति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंदिरा गांधी टोली ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान प्रतिभा पाटिल टोली ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान संयुक्त रूप से लक्ष्मीबाई टोली और अहिल्याबाई  टोली ने प्राप्त किया।।

उक्त प्रतियोगिताओं में विशिष्ट अतिथि संगीत विभाग की प्रोफेसर प्रियदर्शनी उपाध्याय उपस्थित रही और प्रतिभागी छात्राओं को आशीष वचन देते हुए उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और बताया की रेंजर्स के माध्यम से छात्राएं समाज और देश से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं। निर्णायक मंडल में संगीत विभाग से डॉ. निष्ठा शर्मा ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। निर्णायक मंडल में संस्कृत विभाग से डॉ. अनीता चौरसिया, शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. अमृता सिंह तथा समाजशास्त्र विभाग से डॉ. ऋचा सिंह और डॉ. चर्चा ने आयोजित प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया।



कार्यक्रम के अंत में रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर ने दीक्षा संस्कार संपन्न कराया और छात्राओं को आशीष वचन प्रदान करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का समापन तो है परंतु आज यहां पर दीक्षा प्राप्त रेंजर्स के जीवन की नई शुरुआत है और छात्राओं से कहा जीवन पर्यंत रेंजर्स नियम का पालन करते हुए सेवा के लिए समर्पित रहना है। कार्यक्रम का समापन करते हुए रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता

ठाकुर ने वहां मौजूद सभी अतिथियों और प्रशिक्षक का धन्यवाद किया। उन्होंने रेंजर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दीक्षा प्राप्त करने के उपरांत वह जीवन पर्यंत रेंजर्स के नियम को याद रखते हुए सेवा भाव से काम करेंगी। उन्होंने कहा महाविद्यालय का काम सिर्फ शिक्षण प्रदान करना ही नहीं बल्कि छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना भी है और रेंजर्स में यह कोशिश की जाती है कि छात्राओं की प्रतिभा को निखार कर उन्हें देश के विकास में सहायक बनाया जा सके और उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति अग्रहरि, श्रीमती शबनम, सुश्री आकांक्षा यादव, सुश्री कीर्ति, सुश्री प्रीति सिंह पटेल, शालिनी तथा ड्रीम गोला आदि उपस्थित रहे।



Ankita Thakur
डॉ. अंकिता ठाकुर
रेंजर्स प्रभारी

रेंजर्स प्रभारी
महात्मा गांधी बालिका पी०जी० कॉलेज,
फिरोजाबाद

डॉ. अंजु शर्मा
प्राचार्या

Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad